भारत एवं राजस्थान सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

आरएनआई पंजीयन RAJHIN/2016/72902
डाक पंजीयन RJ/ UD/ 29-150/ 2020-2022



# शब्द रंजन

संस्थापक एवं संरक्षक डॉ. महेन्द्र भानावत

विचार एवं जनसंवाद का पाक्षिक

वर्ष 7 | अंक 20 | उदयपुर मंगलवार 01 नवम्बर 2022 | पेज 8 | मूल्य 5 रू.

# खड़गे के कंधों पर रखी कांग्रेस खाली कारतूसों वाली

**मां और बेटे दोनों ने अध्यक्ष बनकर देख लिया। कांग्रेस की ताकत लगातार घटती गई। उसके महत्वपूर्ण नेता उसे छोड़-छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल होते जा रहे हैं। जो बंदूक नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कंधे पर रखी गई है, वह तो खाली कारतूसों वाली ही है। खड़गे ने कई बार यह स्पष्ट कर दिया कि वे रबर की मुहर बनने में ही परम प्रसन्न होंगे। गैर-गांधी अध्यक्ष आ जाने के बावजूद कांग्रेस जहां की तहां खड़ी है।**

कांग्रेस को 24 साल बाद सोनिया परिवार के बाहर का एक अध्यक्ष मिला है। क्यों मिला है? क्योंकि सोनिया-गांधी परिवार थक चुका था। उसने ही तय किया कि अब कांग्रेस का मुकुट किसी और के सिर पर धर दिया जाए। माँ और बेटे दोनों ने अध्यक्ष बनकर देख लिया। कांग्रेस की ताकत लगातार घटती गई। उसके महत्वपूर्ण नेता उसे छोड़-छोड़कर अन्य पार्टियों में शामिल होते जा रहे हैं।



मल्लिकार्जुन खड़गे

ऐसे में कुछ नई पहल की जरुरत महसूस की गई। दो विकल्प सूझे। एक तो भारत जोड़ो यात्रा और दूसरा ढूंढें कोई ऐसा कंधा, जिस पर कांग्रेस की बुझी हुई बंदूक रखी जा सके। भारत कहाँ से टूट रहा है, जिसे आप जोड़ने चले हैं? वह वास्तव में टूटती-बिखरती कांग्रेस को जोड़ो यात्रा है। इसमें शक नहीं कि इस यात्रा से राहुल को प्रचार काफी मिल रहा है लेकिन कांग्रेस से टूटे हुए लोगों में से कितने अभी तक जुड़े हैं? कोई भी नहीं।


खैर, यात्रा अच्छी है। उससे कांग्रेस को कुछ फायदा हो या न हो, राहुल गांधी के अनुभव में जरुर वृद्धि होगी। लेकिन जो बंदूक नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कंधे पर रखी गई है, वह तो खाली कारतूसोंवाली ही है। यह तो सबको पता था कि शशि थरुर को तो हारना ही है लेकिन उनको हजार से ज्यादा वोट मिल गए, यही बड़ी बात है। इतने वोट सोनिया के विरुद्ध जितेंद्रप्रसाद को नहीं मिले थे। उन्हें तो लगभग 8 हजार के मुकाबले 100 वोट भी नहीं मिले थे।

इसका कारण है, जितेंद्रप्रसाद, जिसके विरुद्ध अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे थे, वह महिला अपने पांव पर खड़ी थी लेकिन खड़गे तो बैसाखी पर फुदक रहे थे। चुनाव अभियान के दौरान खड़गे ने कई बार यह स्पष्ट कर दिया कि वे रबर की मुहर बनने में ही परम प्रसन्न होंगे। थरुर भी खड़गे को चुनौती दे रहे थे और उन्होंने उन्हें टक्कर भी अच्छी दे दी लेकिन दबी जुबान से वे भी स्वामीभक्ति प्रकट करने में नहीं चूक रहे थे।

याने गैर-गांधी अध्यक्ष आ जाने के बावजूद कांग्रेस जहां की तहां खड़ी है और वह ऐसे ही खड़ी रहेगी, ऐसी आशंका है। क्या थरुर के पास कोई नए विचार, नई नीतियां, नई रणनीति, नया कार्यक्रम और नए कार्यकर्त्ता हैं, जो इस अधमरी कांग्रेस में जान फूंक सकें?

थरुर में ऐसी किसी क्षमता का परिचय आज तक नहीं मिला। ऐसी स्थिति में यह क्यों नहीं मान लिया जाए कि खड़गे को जो भी आदेश ऊपर से मिलेगा, कांग्रेस उसी रास्ते पर चलती रहेगी। शशि थरुर भी जितेंद्रप्रसाद की तरह खड़गे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लगेंगे। हाँ, राहुल गांधी जो कि इस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक हैं, यदि वे चाहें तो अपनी पार्टी में प्राण फूंक सकते हैं। वे ही अंतिम आशा हैं लेकिन यह तभी होगा जबकि वे थोड़ा पढ़े-लिखें, जन-सम्पर्क बढ़ाएं और पार्टी तथा बाहर के भी अनुभवी लोगों से परामर्श करें और मार्गदर्शन लें। यदि यह नहीं हुआ तो कांग्रेस का हाल भी वही होगा, जो लोहिया की समाजवादी पार्टी और राजाजी की स्वतंत्र पार्टी जैसी कई पार्टियों का हुआ है। यदि ऐसा हुआ तो भारतीय लोकतंत्र के निरंकुश होने में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक



# 108 उपनिषद विश्वार्पित

अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य अपने समय (1911-1990) के युगदृष्टा मनीषी थे। उन्होंने अपना जीवन समाज उत्थान के लिए लगाया। सांस्कृतिक व चारित्रिक उत्थान के लिये समर्पित करते उन्होंने आधुनिक व प्राचीन विज्ञान व धर्म का समन्वय करते आध्यात्मिक नवचेतना को जगाने का कार्य किया ताकि वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना किया जा सके।

उनका व्यक्तित्व एक साधु पुरुष, आध्यात्म विज्ञानी, योगी, दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक, लेखक, सुधारक, मनीषी व दृष्टा का समन्वित रूप था। वे 4 वेद, 108 उपनिषद, 6 दर्शन, 20 स्मृतियां और 18 पुराणों के भाष्यकार थे।



पं. श्रीराम शर्मा का जन्म आगरा जनपद के आँवलखेड़ा ग्राम में हुआ। जमींदार घराने के उनके पिता पं. रूपकिशोर शर्मा राजघरानों के राजपुरोहित, उद्भट विद्वान तथा भगवत् कथाकार थे, किन्तु उनका अंत:करण मानव मात्र की पीड़ा से सतत् विचलित रहता था।

साधना के प्रति उनका झुकाव बचपन से ही था। वे अपने सहपाठियों को अमराइयों में बिठाकर स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सुसंस्कारिता अपनाने वाली आत्मविद्या का शिक्षण दिया करते थे। किशोरावस्था में ही उन्होंने समाज सुधार की रचनात्मक प्रवृत्तियाँ आरंभ कर दीं। हाट-बाजारों में जाकर स्वास्थ्य-शिक्षा प्रधान परिपत्र बाँटना, पशुधन को कैसे सुरक्षित रखें तथा स्वावलम्बी कैसे बनें, इसके छोटे-छोटे पैम्पलेट्स लिखने, हाथ की प्रेस से छपवाने के लिए उन्हें किसी शिक्षा की आवश्यकता नहीं थी। वे चाहते थे, जनमानस आत्मावलम्बी बनें। राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान उसका जागे। नारी शक्ति व बेरोजगार युवाओं के लिए गाँव में ही बुनताघर स्थापित कर युवकों को उन्होंने हाथ से कपड़ा बुनने, स्वावलंबी जीवन जीने की प्रेरणा दी।

महामना मदनमोहन मालवीय से उन्होंने काशी में गायत्री मंत्र की दीक्षा ली। अपने घर में नियमित उपासना करते पंद्रह वर्ष की आयु में, वसन्त पंचमी 1926 में गुरूगादी का गुरूत्तर दायित्व मिला। उन्होंने युग निर्माण के मिशन को गायत्री परिवार, प्रज्ञा अभियान के माध्यम से आगे बढ़ाया। वे कहते थे कि अपने को अधिक पवित्र और प्रखर बनाने की तपश्चर्या में जुटते जौ की रोटी व छाछ पर निर्वाह करते आत्मानुशासित सामर्थ्य विकसित करने पर ही परमार्थ प्रयोजनों की सामर्थ्य प्राप्त हो सकती है।




## जेके टायर के राजस्व में बढ़ोतरी

**उदयपुर (ह. सं.)।** जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज लि. (जेके टायर) ने वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के लिए अपने अनअंकेक्षित परिणामों की घोषणा की।

चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि जेके टायर ने साल-दर-साल आधार पर 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आलोच्य तिमाही में 3,764 करोड़ रुपए, अब तक का सर्वाधिक राजस्व प्राप्त किया है। इस अवधि में एबिडिटा 305 करोड़ रूपये एवं कर पूर्व लाभ 74 करोड़ रूपये का रहा। उन्होंने बताया कि ओईएम में हमारी मजबूत उपस्थिति और हमारे अभिनव, उच्च प्रदर्शन, विविध उत्पाद पोर्टफोलियो और उच्च ब्राण्ड इमेज की ताकत एवं बाजार की बेहतर स्थितियों के कारण ऑपरेटिंग मार्जिन में कुछ सुधार हुआ है। तिमाही के दौरान, सेमी-कण्डक्टर आपूर्ति, त्योहारी सीजन और आर्थिक गतिविधियों में अच्छी पकड़ के बाद ओईएम उठाव में सुधार हुआ है।

## बीकाजी का आईपीओ 3 नवंबर को लॉन्च होगा

**उदयपुर (ह. सं.)।** बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लि. ने अपने पहले सार्वजनिक पेशकश के लिए मूल्य बैंड 285 रू. से 300 रू. प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक पेशकश निवेश के लिए 03 नवंबर, को खुलेगा और 07 नवंबर को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 50 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 50 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते है। एक रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला निर्गम पूरी तरह से मौजूदा शेयरधारकों और प्रमोटर समूह की संस्थाओं द्वारा 29,373,984 तक की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री की पेशकश में शिव रतन अग्रवाल के 2,500,000 इक्विटी शेयर्स, दीपक अग्रवाल के 2,500,000 इक्विटी शेयर्स, महाराजा लि. के 12,110,967 इक्विटी शेयर्स, इंटेंसिव सॉफ्टशेयर प्रा. लि. के 50,000 इक्विटी शेयर्स, आईआईएफएल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड के 3,110,056 इक्विटी शेयर्स, आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्युनिटीज फंड-सीरीज 2 के 1,995,552 इक्विटी शेयर्स, आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्युनिटीज फंड-सीरीज 3 के 976,179 इक्विटी शेयर्स, आईआईएफएल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड-सीरीज 4 के 2,753,339 इक्विटी शेयर्स और आईआईएफएल स्पेशल ऑपर्च्युनिटीज फंड-सीरीज 5 ('आईआईएफएल फंड्स') के 2,162,226 इक्विटी शेयर्स, एवेंडस फ्यूचर लीडर्स फंड के 1,215,665 इक्विटी शेयर्स ('बेचने वाले शेयरधारक निवेशक') शामिल है।

## जो छोटों को नहीं संभाल सकता वह देश क्या संभालेगा : निराला

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' जैसा फक्कड़ साहित्यकार न पहले कभी हुआ, न आगे ही होने वाला है। उनकी लिखी 'सरोज स्मृति' कविता अथाह वेदनाजनित पुत्री-विछोह की पीड़ा पिरोती है।

रात्रि को महाकवि जब एक कविसम्मेलन से घर लौट रहे थे तो रास्ते में सड़क के किनारे एक महिला पत्थर तोड़ रही थी। उसे देख निरालाजी ने कारण पूछा तो महिला बोली, 'रात को काम करने के अतिरिक्त पैसे मिलते हैं।' यह सुन निरालाजी ने अपने सम्मान में प्राप्त शॉल उसे ओढ़ाते कहा, 'इसे ओढ़े रखना।'

इस घटना पर निरालाजी ने डॉ. भटनागर को कहा, 'बड़े लोग मैली चीजों से नफरत करते हैं जबकि छोटे लोग स्वच्छ चीजों से परहेज रखते हैं।' उन्होंने उसे मजदूरनी समझकर नहीं, मां समझकर सम्मान दिया।

इसी प्रसंग में निरालाजी ने कहा, 'सूरज की किरणें बड़े घरों में नहीं, छोटी झोंपड़ियों तक पहुंचती है। वे ही लोग देश के सच्चे रखवाले है। वह प्रधानमंत्री क्या जो इन तक नहीं पहुंचता है। जो इन्हें नहीं संभाल सकता, वह देश क्या संभालेगा।'

एकबार रिक्शेवाले को बीच रास्ते में ही निरालाजी ने कहा, 'मुझे यहीं छोड़ दो। पैदल चला जाऊंगा। मेरे पास अब तुम्हें देने को किराया नहीं है।' वह बोला, 'कोई बात नहीं, मैं आपको घर पहुंचाऊंगा।' निरालाजी बोले, 'ऐसे दोस्त क्या काम के जो हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति न करें। कपड़े न सिलायें। पैसा नहीं दें।'

उल्लेखनीय है, 'वह तोड़ती पत्थर' शीर्षक निरालाजी की श्रेष्ठतम कविताओं में से एक है।

**- जैसा कि 2 जनवरी 2021 को उदयपुर में डॉ. राजेन्द्रमोहन भटनागर ने शब्द रंजन को बताया।**

## 'अथ-श्री कोरोना कथा' पुस्तक विमोचित



**उदयपुर (ह. सं.)।** हिंदी दिवस पर डॉ. गोपाल 'राजगोपाल' के कोरोना विषयक विविध रचना-संग्रह 'अथ-श्री कोरोना कथा' का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार पी. एल. बामनिया तथा डॉ. लाखन पोसवाल द्वारा हुआ। इस अवसर पर डॉ. ए. के. वर्मा, डॉ. कीर्ति, डॉ. मेघश्याम शर्मा, मोहित खंडेलवाल तथा श्रीमती राजकुमारी 'राजगोपाल' उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बामनिया ने कहा कि कोरोना जैसे भयावह विषय पर कतिपय साहित्यकारों द्वारा छुट-पुट रचनाओं का सृजन तो हुआ है लेकिन विपुल सृजन कर पुस्तकाकार में लाने का कार्य डॉ. राजगोपाल ने किया है। डॉ. राजगोपाल जितने दक्ष चिकित्सक हैं उतने ही समर्थ रचनाकार। डॉ. पोसवाल ने कहा कि कई विधाओं की रचनाओं का समावेश होने के कारण यह पुस्तक अनूठी बन पड़ी है। इसमें बाल-कविताओं, बाल-कहानियों के साथ व्यंग्य लेख, व्यंग्य कहानियां, लघु-कथाएं, दोहे, कुंडलिया और राजस्थानी भाषा की रचनाएं भी सम्मिलित हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक चिकित्सक वर्ग और साहित्य प्रेमियों के साथ-साथ आम पाठक वर्ग को भी रुचिकर लगेगी। डॉ. राजगोपाल ने बताया कि कोरोना काल में अपने चिकित्सकीय दायित्व के निर्वहन के साथ-साथ रोगियों की संवेदनाओं से जुड़ते हुए जो सामग्री सृजित हो गयी तब मन में प्रकाशन का विचार आया। संचालन डॉ. हितेश गर्ग तथा धन्यवाद डॉ. आशीष जैन ने ज्ञापित किया।

## मीठेश निर्मोही को साहित्य शिरोमणि अलंकरण




**उदयपुर (ह. सं.)।** जनार्दनराय राजस्थान विद्यापीठ द्वारा 'पृथ्वीराज रासौ' के उद्धारकर्ता कविराव मोहनसिंह की स्मृति में 'मीडिया के सरोकार और उसकी प्रतिबद्धताएं' विषय पर राष्ट्रीय व्याख्यान एवं सम्मान समारोह हुआ। इसमें राजस्थानी और हिन्दी के सुप्रतिष्ठ रचनाकार मीठेश निर्मोही को 'साहित्य शिरोमणि' अलंकरण से समादृत किया गया।

कविराव मोहनसिंह पीठ के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन राव ने निर्मोही के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित किया। विद्यापीठ के कुलपति डॉ. एस. एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख बी. एल. गुर्जर, राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण, किशन दाधीच, प्रो. जीवनसिंह खरकवाल तथा डॉ. हेमशंकर दाधीच ने निर्मोही को प्रशस्तिपत्र, शॉल, स्मृतिचिह्न भेंटकर साहित्य शिरोमणि अलंकरण से विभूषित किया।

## राम-राज्य क्या ऐसा होता ?

**- बृजेन्द्र कौशिक -**



राम-राज्य क्या ऐसा होता
रातों की छोड़ो
पर बचपन का दिन भी जब भूखा सोता।
इसे ढकें तो वे हों नंगे
जब सब चाल-चलन बेढंगे
तंत्र लोक को आंख दिखाये
खुद चुनरी के दाग छुपाये
सच का ढोल रात-दिन पीटे
पर सच सुन आपा खोता।
छल-छद्मों की रहन सियासत
साठ-गांठ कर बिकें विरासत
चौकी-चोर लगें भाई से
प्रजा त्रस्त हो मंहगाई से
फूल चुमें खुद को चाहे
पर जन-जीवन में कांटे बोता।
जंगल में बदलें जब बस्ती
देश जिये जब फूट-परस्ती
चीर-हरण हों चौड़े-धाड़े
शासन सच को स्वयं पछाड़े
राजा के मन की बातों पर
ताली पीटें बहरे श्रोता।
नैतिकता से कुर्सी प्यारी
आठों याम यही तैयारी
मुखिया का राष्ट्रीय तराना
सब नकार खुद को चमकाना
करना अमल न सीखा खुद ने
रामायण जपता पर तोता।
राम-राज्य क्या ऐसा होता?




शब्द रंजन

उदयपुर, मंगलवार 01 नवम्बर 2022

### सम्पादकीय

# घुड़ळो घूमेळा जी घूमेळा

मानव जीवन में मिट्टी का महत्त्व प्रारम्भ से लेकर अन्त तक रहता है। कबीर ने तो माटी से ही यह सन्देशा प्रसारित करवा दिया जिसमें वह कुम्हार से कह रही है, तू मुझे क्यों रौंदता है? एक दिन ऐसा आयेगा कि मैं तुझे रौंद दूंगी।

यह सच होते भी हमारा काम माटी के बिना नहीं चलता है। माटी के घर से लेकर गृहोपयोगी सारी चीजें माटी बनी ही हमारे प्रयोग-उपयोग में आती हैं। हमने इस माटी का इतना उपयोग किया कि वह कम हो गई तब अन्यान्य चीजों का आविष्कार हुआ।

आजादी के पहले तक हमारे घर में छोटे-मोटे कुलके-कुलकी से लेकर हांडे-डांडी, मटके-मटकी, कुंडे-कुंडी, गमला-गमली, ईंट-केलू, पाता-गोरी, जावणी, गेड़, घड़वी-घड़वो, घड़ो-घड़ियो, घड़ेलो, तूती, कनार जैसी अनेक चीजें वापर में थीं। गांवों में तो आज भी ये सब मिल जायेंगे।

इनमें से कई बर्तन विशिष्ट अवसर, संस्कारों से जुड़ते गये। कुछ त्यौहार-उत्सव की शोभा बढ़ाने वाले अनिवार्यतः उपयोगी बने। टूटे-फूटे होने पर तो इन्हें बदला ही जाता पर कुछ खास मौकों पर उनकी बजाय नये बर्तन काम में लिये जाने के शुभ शकुन शुरू हुए।

दीवाली के मौके पर सबओर घड़ल्या-ही-घड़ल्या घूमता नजर आता है। यह घड़ल्या मिट्टी का बना छोटा-सा घड़ा होता है जिसके चारों ओर छोटे-छोटे छिद्र बने होते हैं। इसके भीतर एक छोटा-सा दीवळा संजोया रहता है। छिद्र इस दीवळे की आंखें होती हैं जिनसे चारों ओर बाहर भी प्रकाश फैलता रहता है। लड़कियां इसे सिर पर लेकर घूमती हुई नृत्यमय अदायगी से प्रत्येक घर को रोशन करती गाती हैं- 'घुड़ल्यो घूमेळा जी घूमेळा।'

गृह-लछमियां द्वार आईं बालिकाओं का स्नेहिल स्वागत कर उन्हें यथोचित भेंट देकर विदा करती हैं। दीवाळी पूर्व घर-घर, बस्ती-बस्ती यह घुड़ल्या घूमता सारा मार्ग स्वच्छ कर रोशन करता है ताकि दीवाळी पर प्रकाश-लक्ष्मी धन-लक्ष्मी के रूप में सबको खुशहाली दे।

# दीप पर्व पर डॉ. पूरन सहगल द्वारा समय-समय पर भेजी गई काव्य मंगलाएं

सब तरफ जब घन-अंधेरा घिर रहा हो।
और भय हर ठौर नंगा नृत्य करता फिर रहा हो।।
आपने सोचा, हमें क्या काम करना चाहिए।
हर डगर, हर द्वार पर एक दीप धरना चाहिए।। (1991)

जगमगाए आपका सौभाग्य, ऐसी
कामना 'शुभ-लाभ' की ले लीजिये।
किन्तु सुनिये! एक स्नेहिल सात्विक,
उपहार अपने देश को दे दीजिये।।
कीजिये अब पत्राचार हिन्दी में ही,
हस्ताक्षर हिन्दी में ही कीजिये।।
हो सके तो आज से ही एक दीपक
हिन्दी-हित में द्वार पर धर दीजिये।। (1997)



इस बरस और घना हो गया है अंधेरा
मंद होती जा रही है सूर्य की तेजस्विता
आओ लें संकल्प, साहस को सहेजें
हर देहरी-आंगन-गली के मोड़ पर
दें जला हम दीप अगणित।
तब विवादों को भूलकर,
झांककर देखें तिमिर के पार
सूर्य आशा का उगा ही चाहता होगा सुनिश्चित
तब तलक बस, तब तलक ही
जारी रहे संघर्ष तमसा के मुकाबिल
बुझने न पाएं दीप, स्नेह चुकने न पाए
तब तलक बस, तब तलक। (2001)

बहुत कायर है अंधेरा, फिर भला हम क्यों डरें?
जागें, उठें, संकल्प लें, और लक्ष्य निर्धारित करें।
दीप अगणित जल उठेंगे, हमने की शुरूआत तो,
एक दीपक तो शकुन का, अपनी देहरी पर धरें।। (2003)




Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed To Be University)
जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय)
Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Raj.) Ph. & Fax : 0294-2492440, Email: admissions@jrnrvu.edu.in
समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त

ADMISSIONS OPEN - 2022-23

Faculty of Management Studies (FMS)
Ph. : 0294-2490632, 9460322351, 9414161889, 9636803729, 9782049628, 9001556306, 9928544749
B.B.A, M.B.A (H.R / Marketing / Finance / Production & Operation Management / I.B / I.T / Tourism and Travel / Retail Management / Agri-Business / Family Business Management), M.H.R.M.

Faculty of Science : Ph.7852803736
B.Sc. : Physics, Mathematics, Chemistry, Statistics, Computer Science, Botany, Zoology, Biotechnology, Environmental Science, Geology
M.Sc. Chemistry (Inorganic, Organic, Physical, Industrial)
M.Sc. : Mathematics, Physics, Botany, Zoology, Environmental Science, Statistics, Bioinformatics, Biotechnology.

Department of Law - 9414343363, 9887214600
B.A.LL.B. (5 Year Integrated Course), LL.B. (3 Year Degree Course), LL.M. (2 Years), Ph.D., PG Diploma (1 Year Course) in Labour Law (PGDLL). Cyber Law (PGDCL), Law & Forensic Science (PGDLFS). Accountancy & Taxation (PGDLTA) and Intellectual Property Laws (PGDIPL). LLM 2 years (Criminal and Business Law)

Diploma in Criminal Psychology

Faculty of Computer Science and Information Technology
Ph. 2494227, 2494217, 9414737125
B.C.A., M.C.A., M.Sc.(CS), B.Sc. in Data Science, P.G.D.C.A., B.Voc in Software Development, DCA (Diploma in Computer Applications).

Manikyalal Verma Shramjeevi Evening College
Mob. - 9414291078, 0294-2426432, 8209630249, 9413972286
BA/B.Com/B.Sc - B.Ed. Special Education Integrated (Eligibility 10+2),
B.Ed. Special Education (HI) (Eligibility 10+2+3)
B.Ed. Special Education (ID/MR) (Eligibility 10+2+3)
M.Sc. Chemistry - Self Finance Scheme (Special for Working Persons)

School of Agricultural Sciences, Dabok - 9460728763
B.Sc. (Hons.) Agriculture, B.Sc. Horticulture, B.Tech. Food Technology, M.Sc. Agronomy and Horticulture

Udaipur School of Social Work - Ph. 8118806319, 9829445889
Master of Social Work (MSW). PG Diploma in HRM, PG Diploma in CSR, Post Graduate Diploma in Rural Development (PGDRD), Master of Social Work (MSW - Self Finance Evening Batch), P.G. Diploma in Talent Management.

Note :
For more information about the admission in various courses like minimum percentage, fee structure etc. please go through our website : www.jrnrvu.edu.in, respective prospectus or contact concerned department

REGISTRAR

SHIVA © 9828244344

बाजार / समाचार

# महावीर युवा मंच द्वारा सांध्य दीपोत्सव आयोजित

**उदयपुर (ह.सं.)।** महावीर युवा मंच द्वारा सांध्य दीपोत्सव आयोजित किया गया जिसमें पैंतीस सदस्य-परिवारों की महनीय उपस्थिति रही। सभी सदस्य निर्धारित पोशाक, महिलाएं सीधे पल्लू की साड़ी तथा पुरुष पेंट-शर्ट पर कोटी पहने दीपित थे।

मंच अध्यक्ष डॉ. तुक्तक भानावत ने बताया कि दीपोत्सव के प्रमुख आकर्षण रैम्प वॉक, कपल गेम तथा हाऊजी गेम के संयोजक अर्जुन खोखावत, राखी सरूपरिया तथा नीता खोखावत ने इन संस्कृतिष्ठ आयोजनों में चार चांद लगाते सम्पन्न कराये जिनमें रैम्प वॉक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मनोज-कविता मुणेत, संजय-अनिता नागोरी, राजेश-सपना चित्तौड़ा ; कपल गेम में विजया सरूपरिया, नूपुर मुणेत, प्रेरणा जैन तथा हाऊजी गेम में सुमन जैन को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये गये।



मंच महामंत्री हर्षमित्र सरूपरिया ने बताया कि मंच संरक्षक प्रमोद सामर ने समारोह के सभी प्रतिभागियों को रिटर्न गिफ्ट प्रदान किये और कहा कि भारतीयता की असली पहचान हमारी सांस्कृतिक विरासतें हैं। उन्हें हर संभव संरक्षित रखने में हम सबको अहम भूमिका निभाते रहना है।

# आसियान-भारत संबंधों के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**उदयपुर (ह.सं.)।** आसियान-भारत संवाद संबंधों के 30 वर्ष पूरे होने पर आसियान-भारत कलाकारों के शिविर का दूसरा संस्करण उदयपुर के ताज अरावली रिसॉर्ट में संपन्न हुआ।

मिनिस्ट्री ऑफ़ एक्सटर्नल अफेयर्स (एमईए) और सेहर द्वारा आयोजित नौ दिवसीय शिविर में आसियान देशों और विभिन्न भारतीय राज्यों के लगभग 20 कलाकारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री, मिनिस्टर ऑफ़ एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राजकुमार रंजन ने कहा कि भारत और आसियान ने 30वीं वर्षगांठ पर आसियान-भारत कलाकार शिविर का आयोजन किया है, जो दर्शाता है कि भारत और आसियान देश एक मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत साझा करते हैं। मुझे विश्वास है कि यह शिविर भारत और आसियान के कलाकारों के बीच मित्रता को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित होगा। सेहर के फाउंडर डायरेक्टर संजीव भार्गव ने कहा कि शिविर न केवल आसियान और भारत के कलाकारों के बीच कला का विस्तार कर रहा है बल्कि अपने दिलों को एक-दूसरे के करीब लाने में भी सफल रहा है।

# अर्बन स्क्वायर मॉल दिसंबर में आगंतुकों के लिए तैयार

**उदयपुर (ह. सं.)।** भूमिका ग्रुप का अर्बन स्क्वायर मॉल दिसंबर तक खरीदारों व आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। पहले चरण में मॉल के 11 लाख वर्गफुट के परिसर को खोला जाएगा।



भूमिका समूह के प्रबंध निदेशक उद्धव पोद्दार ने कहा कि भारत और विदेशों के 75 से अधिक लाइफस्टाइल ब्रांडों ने अर्बन स्वायर मॉल के 91 प्रतिशत हिस्से को लीज पर लिया है। इनमें शॉपर्स स्टॉप, लाइफस्टाइल, स्मैश और पैंटालून जैसे नाम शामिल हैं। शॉपर्स स्टॉप, लाइफस्टाइल, स्मैश, क्रॉसवर्ड, निनी किचन, घूमर, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, लुक्स, पार्कोस, एक्स स्टेप और रेयर रैबिट जैसे ब्रांड पहली बार उदयपुर में अपने पदचिह्न स्थापित करेंगे। इसके साथ ही पहली बार उदयपुर को गो कार्टिंग ट्रैक भी मिलेगा। इसमें आगंतुकों को थिएटर का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए छह स्क्रीन वाला मल्टीप्लेक्स है। यहाँ गेमिंग जोन को सुरक्षा के सभी उपकरणों के साथ विकसित किया गया है। इसके अलावा बहु-व्यंजन, जूते, कपड़े, हेल्थकेयर सहित कई सुविधाएं प्रदान की जायेगी। अर्बन स्क्वायर मॉल का दूसरा चरण लगभग 8 लाख वर्गफुट का होगा और इसमें 200 कमरों वाला हॉलिडे इन होटल भी शामिल होगा।

# प्रो. भाणावत एवं डॉ. यादव को 'आईसीएआई इंटरनेशनल रिसर्च अवॉर्ड'

**उदयपुर (ह.सं.)।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया,न्यू दिल्ली ने 20 अक्टूबर को कानपुर के किंग्सटन रिसॉर्ट में आयोजित सम्मान समारोह में 'आईसीएआई इंटरनेशनल रिसर्च अवार्ड 2022' प्रदान किया गया।



कॉमर्स कॉलेज के अधिष्ठता प्रो. पी. के. सिंह ने बताया कि समारोह में सुखाड़िया विवि के लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शूरवीरसिंह भाणावत एवं डॉ. नीलम यादव को संयुक्त रूप से टैक्सेशन श्रेणी में उनके द्वारा लिखित अनुसंधान पत्र 'टैक्स रेवेन्यू एंड लाइफ एक्सपेक्टेंसी इंडेक्स ऑफ सेलेक्ट कंट्रीज' को श्रेष्ठतम घोषित किया गया।

शोधपत्र में भारत की जीडीपी के समकक्ष फ्रांस, इटली, ब्राजील तथा कनाडा का चयन किया गया।

उल्लेखनीय है की गत वर्ष भी प्रो. भाणावत को आईसीएआई इंटरनेशनल रिसर्च अवॉर्ड 2021 टैक्सेशन श्रेणी में उनके अनुसंधान पत्र 'अकाउंटिंग ऐंड टैक्सेशन इश्यूज इन कार्बन क्रेडिट ट्रांजेक्शन' को अंतराष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पत्र पर सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

आईसीएआई के रिसर्च कमिटी के अध्यक्ष सीए अनुज गोयल ने बताया कि फ्रांस, श्रीलंका, ट्यूनीशिया यमन, ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान रोमानिया सहित 18 देशों से 150 अनुसन्धान पत्रों को ज्यूरी के सदस्यों ने मूल्यांकन किया। ज्यूरी के अध्यक्ष एलन जॉनसन थे जो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट के प्रेसिडेंट हैं। यह अवॉर्ड एकाउंटिंग, टैक्सेशन, ऑडिटिंग, इकोनॉमिक्स तथा फाइनेंस नामक पांच क्षेत्रों में दिया जाता है।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पिम्स की टीम बनी विजेता



**उदयपुर (ह. सं.)।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पेसिफिक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेड़िकल साईंसेज (पिम्स) उमरड़ा की टीम विजेता रही।

पिम्स के चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेन्ट में 8 टीमों ने भाग लिया। पिम्स टीम ने अपने ग्रुप की पीडीसीएच उदयपुर, जीएमसी कोटा, जेएमसी झालावाड़ को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां पिम्स का मुकाबला आरएनटी मेडिकल कॉलेज से हुआ। आरएनटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए। जवाब में पिम्स की टीम ने दो विकेट से मैच जीत लिया। लौकिक सूर्यवंशी ने 72 रन का बनाये। उन्हें मैन ऑफद मैच और मैन ऑफद सीरीज चुना गया।

# एचडीएफसी बैंक ने जीता इनोवेटिव प्रैक्टिस पुरस्कार

**उदयपुर (ह.सं.)।** एचडीएफसी बैंक ने कस्टमर एक्सपीरियंस में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा सबसे इनोवेटिव प्रैक्टिस की श्रेणी में 'चेंजिंग कस्टमर एक्सपीरियंस इन रूरल बैंकिंग' के लिए प्रतिष्ठित सीआईआई डीएक्स 2022 डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड जीता। स्मिता भगत, कंट्री हेड - गवर्नमेंट एंड इंडस्ट्रियल बिज़नेस, अल्टरनेट बैंकिंग चैनल्स एवं पार्टनरशिप्स, इंक्लुसिव बैंकिंग ग्रुप्स एंड स्टार्टअप्स, एचडीएफसी बैंक ने कहा किडिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अभियान, 'चेंजिंग कस्टमर एक्सपीरियंस इन रूरल बैंकिंग' के लिए बैंक ने भारत में 5 लाख के ज्यादा एजेंट्स के साथ गठबंधन किया है, जो बैंकिंग सेवाओं को देश में बैंकिंग से वंचित और कमी वाले वर्गों तक पहुँचाते हैं। इस अभियान के द्वारा बैंक ने ग्रामीण इलाकों में फिजकिल बैंकिंग प्वाईंट्स की बहुत कम उपलब्धता, बाजार के लिए सही उत्पादों की कमी, और आवश्यक दस्तावेज पूरे न होने के कारण बैंकिंग की जरूरतों को पूरा करने में लगने वाले लंबे समय की समस्याओं को संबोधित किया है। लोगों को बैंक के 45 से ज्यादा उत्पादों व सेवाओं का लाभ मिल सका।

# कोटक नियो ऐप की शुरुआत

**उदयपुर (ह.सं.)।** कोटक सिक्योरिटीज लि. ने निवेशकों के लिए उपयोगकर्ता अनुभव को तेज और बेहतर बनाने के लिए अपने लेटेस्ट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म इकोसिस्टम कोटक नियो के शुरुआत की। कोटक नियो, एक मल्टी-प्लेटफॉर्म एक्सेस को पेशकश करता है, जिसमें मोबाइल ऐप वेबसाइट, ट्रेड एपीआई और नेस्ट ट्रेडिंग टर्मिनल आदि शामिल हैं।

कोटक सिक्योरिटीज लि. के एमडी और सीईओ जयदीप हंसराज ने कहा कि यह वेटिंग टाइम और पुराने ग्राहक अनुभव के मैट्रिक्स को ध्वस्त करने का समय है। कोटक नियो की शुरुआत को लेकर में सचमुच उत्साहित हूं, क्योंकि इसमें वे सभी खूबियां और तेजी मौजूद है जो ट्रेडिंग के दौरान हर ग्राहक चाहता है। हमारी टीम के महीनों के अनुसंधान और विकास ने ट्रेडिंग के सफर को बेहतर बनाया है। कोटक नियो को मिली शुरुआती प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है, प्लेस्टोर पर ऐप की रेटिंग लगातार 4.4 प्लस रही है। कोटक नियो, कोटक सिक्योरिटीज लि. के संयुक्त अध्यक्ष एवं प्रमुख संदीप चोरडिया ने कहा कि हमने कोटक नियो तैयार करने के दौरान ग्राहक को केंद्र में रखा है। इसका आसान और सहज यूजर इंटरफेस है, और कोई भी नया ग्राहक आसानी से नए प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने ट्रेडिंग के सफर को शुरू कर सकता है।

# ओयो की लेज़र पेशकश में उदयपुर भी

**उदयपुर (ह.सं.)।** ग्लोबल हॉस्पिटलिटी टेक्नॉलॉजी दिग्गज, ओयो मुख्य पर्यटन केंद्रों में अपने लेज़र उत्पादों का विस्तार कर रहा है। रिक्रिएशनल ट्रैवल में पिछले कुछ महीनों में तीव्र वृद्धि हुई है, जो गर्मियों की छुट्टियों से शुरू हुई। इस सेगमेंट को सेवाएं देने के लिए कंपनी ने भारत के प्रमुख लेज़र स्थानों में उदयपुर सहित 1000 से ज्यादा होटल और होम्स (स्टोरफ्रंट्स) शुरू करने का लक्ष्य बनाया है। यह त्योहारों के साथ शुरू हो रहे पीक सीज़न और फिर सर्दियों की छुट्टियों के लिए सितंबर 2022 तक अपने प्लेटफॉर्म पर इस तरह के 600 स्टोरफ्रंट शामिल कर चुका है। ओयो मौजूदा कैलेंडर वर्ष के अंत तक इस तरह के 400 और स्टोरफ्रंट शुरू करेगा। ओयो के सर्वोच्च लेज़र ब्रांड्स में 4बायओयो, 5बायओयो, ओयो टाउनहाउस, टाउनहाउस ओक, कैपिटल ओ और कलेक्शन ओ शामिल हैं।

यह हॉस्पिटलिटी टेक्नॉलॉजी दिग्गज भारत में अपनी लेज़र प्रॉपर्टीज़ की संख्या बढ़ाने के लिए लगभग 19 मुख्य एवं उभरते हुए पर्यटन स्थलों पर केंद्रित है। पर्यटकों की बढ़ती मांग के साथ यह कंपनी मुख्य स्थानों जैसे उदयपुर, शिमला, अमृतसर, गोवा, मैसूर, तिरुपति, पुरी, गंगटोक आदि पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# कलाल ने संभाला आबकारी अधिकारी का पदभार

**उदयपुर (ह. सं.)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2011 बैच के अधिकारी मुकेश कलाल ने 17 अक्टूबर को जिला आबकारी अधिकारी का पदभार संभाला। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पद से स्थानांतरित होकर आये कलाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय का निरीक्षण किया और प्रभारी अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्व अर्जन के लक्ष्यों और प्रगति के बारे में प्रभारी अधिकारियों से पूछा और महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुकेश कलाल के पदभार ग्रहण करने पर डॉ. तुक्तक भानावत एवं विनीत सरूपरिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।



उल्लेखनीय है कि डूंगरपुर जिले के मूल निवासी कलाल इससे पूर्व चित्तौड़ और जोधपुर एडीएम, उदयपुर एसीईओ के साथ ही कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे हार्टफुलनेस संस्थान से भी जुड़े हुए हैं और सहज ध्यान के ख्यात प्रशिक्षक भी हैं।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमही धियो यो नः प्रचोदयात्।।



वैदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित
श्रीराम शर्मा आचार्य

अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार
के तत्वावधान में



वंदनीय माता
भगवती देवी शर्मा

# भव्य आयोजन

## 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

के भव्य आयोजन में भाव-भरा आमंत्रण

**दिनांक: 3 से 6 नवम्बर 2022**

स्थान: रा. फतह उच्च माध्यमिक
विद्यालय, उदयपुर



**डॉ. चिन्मय पण्ड्या**
प्रतिकुलपति देव संस्कृति वि. वि. हरिद्वार



## कार्यक्रम

### गुरूवार, 3 नवम्बर 2022

प्रातः 9.00 बजे : सदगुरू ज्ञान ग्रन्थ एवं कलश शोभायात्रा

दोपहर 2.00 बजे : कार्यकार्ता गोष्ठी (संगठनात्मक स्वरूप)

सांय 6.00 बजे : संगीत, प्रवचन

### शुक्रवार, 4 नवम्बर 2022

प्रातः 6.00 बजे : ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग

प्रातः 8.00 बजे : देव आवाहन, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार

सांय 3.00 बजे : संगीत, युवा सम्मेलन एवं उद्‌बोधन
डॉ चिम्नय जी पण्ड्या : प्रति कुलपति देव सं. वि. वि. हरिद्वार

### शनिवार, 5 नवम्बर 2022

प्रातः 6.00 बजे : ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग

प्रातः 8.00 बजे : गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार

दोपहर 2.00 बजे : गर्भोत्सव एवं पुंसवन संस्कार

सांय 6.00 बजे : दीप महायज्ञ व परम पूज्य गुरूदेव का विडियो संदेश
आदरणीय शैल बाला जी पण्ड्या एवं आदरणीय डॉ. प्रणव जी पण्ड्या द्वारा

### रविवार, 6 नवम्बर 2022

प्रातः 6.00 बजे : ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग

प्रातः 8.00 बजे : गुरूदीक्षा – विडियो संदेश आदरणीय
डॉ. प्रणव जी पण्ड्या एवं विभिन्न संस्कार व गायत्री महायज्ञ पूर्णाहूति

दोपहर 1.00 बजे : देव विसर्जन

विशेषः गायत्री महायज्ञ में भाग लेना निःशुल्क है एवं भारतीय वेशभूषा अनिवार्य है। (पुरूष के लिए धोती-कुर्ता एवं बहिनों के लिये साड़ी अथवा सलवार सूट)

## निवेदक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **हेमन्त श्रीमाली**<br>मल्टीनेट (उदयपुर) प्रा. लि.<br>+91 98290 42910 | **निर्मल जैन**<br>मोदी केयर<br>+91 94141 67267 | **कमलेश जैन**<br>होटल मेवाड़ हवेली<br>+91 93525 08928 | **प्रवीण अग्रवाल**<br>लॉयंस क्लब, ओम<br>+91 86524 61461 | **कैलाश राठौड़**<br>राठौड़ केबल एण्ड ओ.एफ.सी. नेटवर्क<br>+91 98295 29188 |
| **निखिल पण्ड्या, लविश जैन**<br>मातेश्वरी नर्सिंग इंस्टीट्यूट<br>+91 94141 50585 | **हरिश राजानी**<br>सनराईज सोसायटी<br>+91 94141 63162 | **डॉ. गजेन्द्र जोशी**<br>सिद्धि विनायक हॉस्पिटल<br>+91 78770 16677 | **सुभाष गुप्ता**<br>मोनिका इंटरप्राईजेस<br>+91 94141 50585 | **हरिश त्रिवेदी**<br>ईगल इंटरप्राईजेज<br>+91 94133 19644 |

multinet (Udaipur) Pvt. Ltd.
मल्टीनेट गीगा फाईबर इंटरनेट
इससे अच्छा, इससे सस्ता कुछ नहीं
मल्टीनेट (उदयपुर) प्राईवेट लिमिटेड
अनलिमिटेड डाटा । इंस्टालेशन फ्री । कोई सिक्योरिटी नहीं
व्हाट्सप्प करें: +91 98292 42910




Web: www.saitirupatiuniversity.ac.in | Email: info@saitirupatiuniversity.ac.in | Phone: 9587890082, 9358883194

## PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

Approved by NMC

**M.B.B.S. (4.5 Years + 1 Year Internship)**
**MD/MS (3 Years)**
**M.Sc. in Medical Sciences [Non-Clinical] (3 Years)**

- Anatomy
- Biochemistry
- Physiology
- Microbiology
- Pharmacology

## VENKTESHWAR SCHOOL OF NURSING

Approved by INC

**G.N.M. (3 Years)**

## VENKTESHWAR COLLEGE OF NURSING

Approved by INC

**B.Sc. Nursing (4 Years)**
**M.Sc. Nursing (2 Years)**

- Medical Surgical
- Community Health
- Obstetric & Gynaecological
- Child Health(Paediatrics)
- Mental Health(Psychiatrist)

## VENKATESHWAR INSTITUTE OF PHARMACY

Approved by PCI

**D. Pharm. (2 Years)**
**B. Pharm. (4 Years)**

## VENKTESHWAR COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY

**B.P.T. (4.5 Years)**
**M.P.T. (2 Years)**

- Orthopedic/Musculoskeletal
- Neurology
- Sports
- Cardiothorasic
- Paediatrics

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY & MASS COMMUNICATION

### Fashion Designing

- Diploma (1 Year)
- Advance Diploma (2 Years)
- B. Voc. (3 Years)
- M. VOC (2 Years)
- B. Des. (4 Years)
- M. Des. (2 Years)

### Fine Arts

- BFA (4 Years)
- MFA (2 Years)

### Interior Designing

- Diploma (1 Year)
- Advance Diploma (2 Years)
- B. Voc. (3 Years)
- M. VOC (2 Years)
- B. Des. (4 Years)
- M. Des. (2 Years)

### Journalism & Mass Communication

- DJMC (1 Year)
- BA-JMC (3 Years)
- MA-JMC (2 Years)

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES

- MBA (Hospital Administration & Health Care Management)

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES

**Diploma (2 Years)**

Approved by RPC

- Radiation Technology
- ECG Technology
- Operation Theater Technology
- Medical Laboratory Technology
- Cath Lab Technology

## RESEARCH PROGRAM

- Ph.D (Nursing and Non- Clinical Medical Sciences)

# PIMS PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES



Goverment schemes at PIMS: चिरंजीवी Anti Retroviral Therapy (ART) ICTC PPTCT THE STI Clinic

Umarda Railway Station Road, Umarda, Udaipur-313015 (Raj.) | Phone : 0294-3010000, 8696440666

Web: www.pacificmedicalsciences.ac.in | Email: info@pacificmedicalsciences.ac.in

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक डॉ. तुक्तक भानावत द्वारा 352, कृष्णपुरा, सेंटपॉल स्कूल के पास, उदयपुर - 313001 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा मैसर्स पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, उदयपुर (राज.) से मुद्रित। सम्पादक : रंजना भानावत। फोन : 0294-2429291, मोबाइल - 9414165391, Email : shabdranjanudr@gmail.com, drtuktakbhanawat@gmail.com, सर्व विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा।